तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 20 जुलाई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 तेज बारिश में आंजोकला नाले का रपटा बहा





## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## खबर संक्षेप

### विकासखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक आज से

**बलरामपुर।** जिले में बैंकिंग सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा शासन की विभिन्न वित्तीय एवं स्वरोजगार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन जिले के सभी छह विकासखंडों में किया जाएगा। बैठक में बैंकों एवं संबंधित विभागों द्वारा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। अग्रणी जिला प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बलरामपुर द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 जुलाई सोमवार को अपराह्न 4 बजे जनपद पंचायत बलरामपुर, 22 जुलाई बुधवार को अपराह्न 3.30 बजे जनपद पंचायत शंकरगढ़, 23 जुलाई गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे जनपद पंचायत कुसमी, 24 जुलाई शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे जनपद पंचायत राजपुर, 28 जुलाई मंगलवार को अपराह्न 3:30 बजे जनपद पंचायत वाड्रफनगर तथा 29 जुलाई बुधवार को अपराह्न 3:30 बजे जनपद पंचायत रामचंद्रपुर में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठकों में जमा, अग्रिम एवं सीडी रेशियो, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि, पशुपालन एवं मत्स्यपालन ऋण की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, स्वयं सहायता समूह, महिला उद्यमिता, पीएम स्वनिधि, पीएम सूर्यघर योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के ऋण प्रकरणों की प्रगति , वित्तीय साक्षरता अभियान, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी, डीएलएएफ तथा अन्य नवाचार गतिविधियों की भी समीक्षा की जाएगी। अग्रणी जिला प्रबंधक ने सभी संबंधित विभागों एवं बैंक शाखा प्रबंधकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### भुगतान तथा क्रय स्वीकृति आदेश संलग्न करना अनिवार्य

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि महालेखाकार रायपुर द्वारा ऐसे समस्त प्रकार के देयकों के संबंध में आपत्ति की गयी है, जिनमें की कार्यालय द्वारा देयकों की भुगतान स्वीकृति आदेश तथा क्रय संबंधी देयकों में क्रय स्वीकृति आदेश दोनों सलग्न नहीं है। आपत्ति की पुनरावृत्ति रोकने हेतु कोषालय में जमा करने वाले समस्त देयकों में भुगतान स्वीकृति आदेश अनिवार्यतः संलग्न करने कहा गया है। उक्त आदेश संलग्न नहीं होने पर देयक भुगतान हेतु कोषालय में स्वीकार किया जाना संभव नहीं होगा।

### सिंचाई के लिए कराया जाना था नहर का निर्माण

# दो दशक से अधर में लटकी खरहरा डायवर्सन परियोजना, जंग खा रही करोड़ों की सीआई पाइप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/वाड्रफनगर

क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई खरहरा डायवर्सन परियोजना अधर में लटकी हुई है। लगभग 20 सालों के बाद बजी इस परियोजना के तहत निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाए और लोगों को आज भी खेती किसानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर सिंचाई परियोजना के नाम पर खरीदे गए करोड़ो रुपए के सीआई पाइप जंग खाकर अब कबाड़ में तब्दील होने को है।

**खास बात**

- अब तक नहीं शुरू हो पाया कार्य

बताया जा रहा है कि विकासखंड के रजखेता और वाड्रफनगर में किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने हेतु नहर निर्माण की योजना बनाई गई थी। खरहरा नदी से पानी सप्लाई के लिए नहर का निर्माण कराया जाना था। इसलिए शासन द्वारा वर्ष 2006-07 में खरहरा डायवर्सन परियोजना की स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही निर्माण के लिए राशि जारी की गई थी। हैरानी की बात तो यह है कि राशि जारी होने के बाद भी अब तक यह परियोजना अधूरी पड़ी हुई है। लगभग 20 वर्षों बाद भी इस परियोजना को पूर्ण नहीं किया जा सका। नहर का निर्माण पूर्ण नहीं होने से बरसों बाद भी क्षेत्र के लोगों की सिंचाई की समस्या बरकरार है और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में जब खेती किसानी का समय है और बारिश की स्थिति अच्छी नहीं है तो किसानों को इस परियोजना की कमी खल रही है। क्षेत्र में बारिश नहीं होने से किसानो की चिंताएं बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि खरहरा सिंचाई परियोजना को पूर्ण कर लिया गया होता तो किसानों को फिलहाल उतनी परेशानी नहीं होती।



जंग खाती करोड़ों की सीआई पाइप।

### वन भूमि में कराना था पाइप लाइन का विस्तार

खरखरा डायवर्सन परियोजना को लेकर को जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक इस परियोजना के तहत नहर का निर्माण रजखेता, वाड्रफनगर तक किया जाना था लेकिन इस मार्ग पर बीच में वन विभाग की भूमि पड़ती है। वह भूमि पर अनुमति, मुआवजा सहित अन्य जटिल प्रक्रियाओं से बचने के लिए वनभूमि पर सीआई पाइप बिछाए जाने की योजना बनाई गई थी। स्वीकृति के बाद तत्कालीन अधिकारियों ने सीआई पाइप की खरीदी भी कर ली और दो बार निर्माण के लिए टेंडर भी किया गया लेकिन किसी भी ठेकेदार ने इस कार्य में रुची नहीं दिखाई। ऐसे में ये सीआई पाइप दो शासक से खुले आसमान के नीचे पड़े हुए है और अब उनमें जंग लगने लगा है। वर्षों से खुले में धुल, धुप और बारिश की मार झेल रहे सीआई पाइप अब उपयोग के लायक है भी या नहीं इसे लेकर संशय की स्थिति है।

### फिर से भेजा गया प्रस्ताव

वर्ष 2007 में स्वीकृत खरहरा डायवर्सन परियोजना का काम ठप पड़ा रहा और अब वर्तमान में इस निर्माण के लिए अतिरिक्त राशि की जरुरत पड़ेगी। बड़ी बात यह है कि इस योजना के तहत नहर का निर्माण रजखेता, वाड्रफनगर तक किया जाना था लेकिन अब वाड्रफनगर का विकास हो चुका है और यहां नहर निर्माण की गुंजाइश नहीं है। ऐसे में जल संसाधन विभाग द्वारा अब इस परियोजना को रजखेता तक सिमित रखने का निर्णय लिया गया है और पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति के लिए लगभग सात करोड़ रूपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अब देखना यह है कि शासन से इस परियोजना को मंजूरी मिल पाती है या क्षेत्र के लोगों को सिंचाई की समस्या से जूझना पड़ेगा।

### भेजा गया है शासन को प्रस्ताव

खरहरा डायवर्सन परियोजना के तहत नहर का निर्माण कराया जाना था। बीच में वन विभाग की भूमि पर सीआई पाइप बिछाई जानी थी। इस योजना की स्वीकृति 2007 में मिली थी। दो बार टेंडर किया गया लेकिन किसी ने रूचि नहीं दिखाई। अब फिर से पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने पर कार्य कराया जाएगा।

-एनपी डहरिया
ईई, जल संसाधन विभाग



# किसानों के नाम पर फर्जी ऋण आहरण मामले में कम्प्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

किसानों का फर्जी हस्ताक्षर करके 1 करोड़ 92 लाख से अधिक के घोटाला मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पेटला के कम्प्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है। घोटाले के मामले में सीतापुर पुलिस की ओर से बीएनएस की धारा 318, 316(5), 61(2) एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज है।

- कलेक्टर के निर्देश पर जांच में हुई थी 1 करोड़ 92 लाख से अधिक के गबन की पुष्टि

प्रारंभिक जांच में कलेक्टर सरगुजा द्वारा गठित जांच दल ने पाया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की पेटला शाखा में 127 किसानों के फर्जी हस्ताक्षर कर उनके खातों से कुल 1 करोड़ 92 लाख 82 हजार 96 रुपये का अनियमित आहरण किया गया था। इस मामले का खुलासा होने पर किसानों ने जमकर हंगामा मचाया था। सैकड़ो की संख्या में पीड़ति किसान कलेक्टर से मिलकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। किसानों के विरोध के बाद कलेक्टर ने टीम गठित कर पूरे मामले की जांच कराई थी। जांच में तत्कालीन शाखा प्रबंधक, सहायक लेखापाल, कैशियर, सामान्य सहायक, दैनिक वेतनभोगी कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य अधिकारियों एवं समिति प्रबंधक को संयुक्त रूप से दोषी पाया गया था।जिसके आधार पर कलेक्टर के निर्देशानुसार केसीसी ऋण घोटाले में शामिल शाखा प्रबंधक समेत सभी कर्मचारियों पर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई थी। इसी दौरान बैंक में दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर सूरजपुर जिले के जयनगर निवासी 29 वर्षीय दीपक कुमार चक्रधारी आ. मनोहर राम को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ के दौरान आरोपी युवक ने केसीसी ऋण घोटाले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। जिसके बाद युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय के आदेश पर आरोपी युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह, सउनि डेविड मिंज, प्रधान आरक्षक नंदकुमार प्रजापति, तिजलाल पैकरा, आरक्षक महेंद्र कुमार नाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# खेत में फंसे ट्रैक्टर को निकालते समय इंजन पलटने से दबकर चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** खेत में जोताई करते समय फंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने के दौरान दबकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के दौरान ट्रैक्टर के इंजन का अगला हिस्सा उपर उठ गया और पलट गया। ग्रामीण के मौत के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। इधर इस घटना से परिजन में शोक का माहौल है।

बताया जा रहा है कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम रामनगर निवासी बालम सिंह नेटी आ. भज्जू राम ग्राम तेंदूटिकरा निवासी अपने रिश्तेदार के खेत में ट्रैक्टर लेकर जुताई करने गया हुआ था। जुताई करते समय ट्रैक्टर का इंजन कीचड़ में बुरी तरह से फंस गया था। बालक सिंह फंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान उसने ट्रैक्टर में लगे नागर को निकालकर अलग कर दिय और केज बिल में दोनों तरफ मोटी मोटी बल्ली फंसाकर ट्रैक्टर को निकालने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान बल्ली के सहारे ट्रैक्टर को खींचते समय ट्रैक्टर का अगला हिस्सा ऊपर उठ गया और ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर के पलटने से बालम सिंह उसके नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।







।। वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ ।।
निर्विघ्न कुरु मे देव, सर्वकार्येषु सर्वदा ।।

स्नेही स्वजन,
जगत जननी माँ महामाया की असीम अनुकम्पा एवं पूर्वजों की असीम कृपा से हमारे नवीन प्रतिष्ठान

AS आम्बिका SONOGRAPHY
Diagnostic and Intervention Clinic

का भव्य **शुभारंभ**

होने जा रहा है जिसमें आपकी उपस्थिति ईष्टमित्रों सहित सादर प्रार्थनीय है।

**सरगुजा के प्रथम सीटी स्कैन मशीन जो बिना तार डाले हार्ट ब्लॉकेट की जांच मात्र 1 मिनट में**

**प्रतिक्षारत**
**श्री अरूण कुमार**
**श्री श्यामलाल जायसवाल**

**मुख्य अतिथि**
मा. श्री राजेश अग्रवाल जी
मंत्री- पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, छ.ग. शासन

**अध्यक्षता**
मा. श्री रामविचार नेताम जी
कैबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन

**अतिविशिष्ट अतिथि**
मा. श्री चिन्तामणि महाराज जी
सांसद सरगुजा छ.ग.

**अतिविशिष्ट अतिथि**
मा. श्री टी.एस. सिंह देव जी
पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन

**अतिविशिष्ट अतिथि**
मा. श्री अमरजीत भगत जी
पूर्व मंत्री- छ.ग. शासन

20 जुलाई 2026, सोमवार
प्रात: 11:00 बजे

CMO कार्यालय के पास,
दर्रीपारा, अंबिकापुर (छ.ग.)

**रेडियोलॉजिस्ट**
डॉ. तुषार आनंद
डी.एम.आर.डी. डी.एन.बी. सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली, गोल्ड मेडलिस्ट

**एनेस्थेटिस्ट**
डॉ. अनीशा जायसवाल
एम.डी.

**संस्थापक**
श्री शिवलाल जायसवाल

**संचालक**
श्री परमानंद तिवारी

हमारी अत्याधुनिक मशीनें



AS आम्बिका SONOGRAPHY
Diagnostic and Intervention Clinic

सी.एम.ओ. ऑफिस के पास दर्रीपारा, अम्बिकापुर (छ.ग) | +91 9288287771 +91 9288287772


# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत अवैध हुकिंग कर खेत में भर रहा था पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

विद्युत पोल से अवैध हुकिंग कर खेत में पानी सिंचाई करना उस समय किसान को महंगा पड़ गया जब अचानक करंट प्रभावित कटे तार की संपर्क में आ गया। करंट की चपेट में आने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजन को उस समय लगी जब रात में किसान घर नहीं पहुंचा। सबह जब परिजन खोजबीन की तो किसान खेत में मृत हालत में पड़ा मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत झरगांवा निवासी रतन पैकरा आ. स्व. सकल राम पैकरा (41 वर्ष) अपने खेत में लगाए गए धान का रोपा मं पानी की कमी को पूरा करने बिजली के खंभे से अवैध हुकिंग कर मोटर पंप लगा खेत में सिंचाई कर रहा था। शुक्रवार की शाम 5 बजे लगभग अपने खेत में पानी को देखने घर से गया था। जैसे ही किसान खेत के समीप पहुंचा तभी अवैध हुकिंग में बिछाए गए विद्युत प्रभावित नंगे तार के संपर्क में आ गया जिससे करंट लगने से रतन की खेत में ही तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। इधर परिजन रात में रतन के घर नहीं आने पर खोजबीन की लेकिन सुनसान जगह व अंधेरा होने से उसका कहीं पता नहीं चला जबकि परिजन खेत में भी जाकर देखे थे। शनिवार दोपहर 1 बजे मृतक का शव धान के फसल लगे खेत में औंधे मुंह तार से चिपका हुआ गिरा पड़ा था। परिवार द्वारा मामले की जानकारी बतौली पुलिस को दी जहां मृतक के शव परीक्षण में रतन के शरीर में कटा हुआ नंगा तार चिपका हुआ था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।



### नहीं मिलेगा चोरी कनेक्शन में मुआवजा

अवैध बिजली कनेक्शन में किसी की करंट की चपेट में आने से मौत हो जाती है तो ऐसे मामलों में मुआवजा का प्रावधान नहीं है। इस घटना की जांच की जाएगी और संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दो तीन किसानों द्वारा अवैध हुकिंग करने की भी जानकारी है जिसका विभाग द्वारा पता किया जा रहा है।

-आरपी सिंह, एई

## खबर संक्षेप

### हस्तिनापुर में पौधरोपण अभियान आज

**मनेन्द्रगढ़।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से 20 जुलाई को ग्राम हस्तिनापुर स्थित एक स्टोन क्रेशर परिसर में विशाल पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं पर्यावरण प्रेमियों को सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। आयोजक पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण का निर्माण करना है।

### रोशनी बनीं पटना की तहसीलदार

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कार्यालयीन कार्य व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से जिले के तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों के कार्य विभाजन में अस्थायी परिवर्तन करते हुए नवीन पदस्थापना आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसके तहत बैकुंठपुर तहसीलदार सुश्री रोशनी तिर्की को पटना तहसील का प्रभार सौंपा गया है। नायब तहसीलदार शुभ कोशले को बैकुण्ठपुर में प्रभारी तहसीलदार के रूप में कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है। नायब तहसीलदार सिराज अहमद को पोड़ी (बचरा) से बैकुंठपुर नायब तहसीलदार के रूप में पदस्थ किया गया है। नायब तहसीलदार प्रीति भगत को सोनहत में यथावत रखा गया है, वहीं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख अभिसार पाण्डेय को पटना में प्रभारी नायब तहसीलदार के रुप यथावत रखा गया है। नई पदस्थापना के अनुसार तहसीलदार मुखदेव प्रसाद यादव को सोनहत एवं तहसीलदार संजय कुमार राठौर को पोड़ी (बचरा) का तहसीलदार बनाया गया है।

### राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए तीन विद्यार्थियों का चयन

**चरचा कॉलरी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की प्रतिष्ठित इंस्पायर अवॉर्ड-मानक योजना के तहत कोरिया जिले ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सत्र 2023-24 के डिस्ट्रिक्ट लेवल एग्जीबिशन एंड प्रोजेक्ट कॉम्पिटिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के तीन होनहार विद्यार्थियों का चयन स्टेट लेवल एग्जीबिशन एंड प्रोजेक्ट कॉम्पिटिशन के लिए हुआ है। इस सफलता से जिले के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों में खुशी की लहर है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियों में कु. अनुराधना (शासकीय हाई स्कूल, कुशहा), कु. चंद्रमा सिंह (शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोरंगा) तथा कु. खुशबू राजवाड़े (शासकीय हाई स्कूल, सरडी) शामिल हैं।

### सुरक्षित पदयात्रा के लिए उठाए गए कदम स्वागत योग्य

**मनेन्द्रगढ़ ।** रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन शैलेष जैन ने जैन साधु-साध्वियों के सुरक्षित पदयात्रा (विहार) के लिए राज्य शासन द्वारा उठाए गए कदम का स्वागत करते हुए इसे धार्मिक आस्था और मानवीय संवेदनाओं का सम्मान बताया है। उन्होंने कहा कि चातुर्मास से पूर्व देशभर में जैन साधु-साध्वियां विभिन्न मार्गों से पैदल विहार करते हैं। ऐसे में व्यस्त सड़कों और बढ़ते यातायात के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। शासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देना एक दूरदर्शी और सराहनीय निर्णय है। शैलेष जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन एवं राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को विहार मार्गों पर आवश्यक सुरक्षा, यातायात नियंत्रण तथा प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे साधु-साध्वियों का विहार अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी सभ्य समाज की पहचान उसकी धार्मिक परंपराओं और संतों के प्रति सम्मान की भावना से होती है।

### आवागमन ठप, नाला पार करते एक ग्रामीण की बाइक बह गई

# तेज बारिश में आंजोकला नाले का रपटा बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत पटना क्षेत्र में शनिवार को हुई तेज बारिश के बाद आई तेज बहाव से आंजोकला स्थित नवन पानी नाला पर बना रपटा क्षतिग्रस्त हो गया। इससे गिरजापुर सहित आसपास के कई गांवों के हजारों लोगों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रपटा क्षतिग्रस्त होने के दौरान एक बाइक भी नाले के तेज बहाव में बह गई, हालांकि किसी जनहानि की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत डुमरिया से गिरजापुर जाने वाले मार्ग पर नवन पानी नाला में बना रपटा क्षेत्र के लोगों के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग था। शनिवार को कुछ घंटों की झमाझम बारिश के बाद नाले का जलस्तर अचानक बढ़ गया और तेज बहाव में रपटा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद इस मार्ग से आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई। गिरजापुर, सूरजपुर सहित आसपास के ग्रामीणों के लिए ग्राम डुमरिया स्थित एनएच-43 तक पहुंचने का यह सबसे सुगम और कम दूरी वाला मार्ग था। रपटा टूटने के बाद अब लोगों को नगर पंचायत पटना होते हुए लंबा चक्कर लगाकर डुमरिया पहुंचना पड़ रहा है, जिससे समय और दूरी दोनों बढ़ गए हैं।




रपटा क्षतिग्रस्त, नाले का तेज बहाव।

### डेढ़ साल से पुल निर्माण की मांग

जिपं सदस्य राजेश साहू ने बताया कि नवन पानी नाला पर स्थायी पुल निर्माण की मांग पिछले डेढ़ वर्ष से लगातार प्रशासन के समक्ष उठाई जा रही है। उनका कहना है कि इस संबंध में प्रस्ताव कलेक्टर कार्यालय में लंबित है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के अलावा विधायक भईयालाल राजवाड़े, प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम तथा सीएम को भी लिखित रूप से पुल निर्माण की मांग भेजी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### कई गांवों की बढ़ी परेशानी

रपटा क्षतिग्रस्त होने से गिरजापुर, आंजोकला और आसपास के कई गांवों के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। यह मार्ग डुमरिया और एनएच-43 तक पहुंचने का सबसे सीधा और कम दूरी वाला रास्ता था। अब ग्रामीणों को आवश्यक कार्यों के लिए लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी पुल निर्माण और वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था करने की मांग की है।

# रजौली में 'कैच द रेन' अभियान कलेक्टर ने दिलाया जनसंकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय जल मिशन के निर्देशानुसार जिले के ग्राम रजौली स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'कैच द रेन' अभियान के तहत जल संरक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

▪ मानव श्रृंखला बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम में कलेक्टर रोक्तिमा यादव, एडीएम सुरेन्द्र वैद्य, अपर कलेक्टर डी.डी. मण्डावी, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, छात्र-छात्राओं, महिलाओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर वर्षा जल संरक्षण का संकल्प लिया। मानव श्रृंखला बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर जिलेवासियों को जल संरक्षण का संदेश दिया तथा वर्षा की प्रत्येक बूंद को सहेजने का संकल्प दोहराया। कलेक्टर ने कहा कि 'कैच द रेन' केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक की जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। यदि आज हम वर्षा जल का संरक्षण करेंगे, तभी भविष्य में जल संकट से बचा जा सकेगा। 'जहां गिरे, जब गिरे' सिद्धांत पर जल संरक्षण का आह्वान कलेक्टर ने कहा कि वर्षा जल को 'जहां गिरे, जब गिरे' वहीं संरक्षित करना इस अभियान का मूल उद्देश्य है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि खेतों, बाड़ियों और खुले स्थानों में सोख्ता गड्ढों एवं अन्य जल संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल को भूमि के भीतर पहुंचाएं। साथ ही वर्षा समाप्त होने के बाद घरों से निकलने वाले पानी को भी सोख्ता गड्ढों के माध्यम से भूजल पुनर्भरण में उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। अमृत सरोवर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत फलदार पौधरोपण कार्यक्रम के पश्चात ग्राम रजौली के अमृत सरोवर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत फलदार पौधरोपण किया गया। कलेक्टर रोक्तिमा यादव सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अमरूद, आम, नींबू और कटहल सहित विभिन्न फलदार पौधे लगाए। विद्यालय निरीक्षण में कम उपस्थिति पर जताई नाराजगी कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय खुले एक माह से अधिक समय हो चुका है।

# कोरिया कॉलरी से पोड़ी जाने वाले मार्ग की हालत खराब

**कोरिया कॉलरी।** नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र के कोरिया कॉलरी से पोड़ी जाने वाले बीच पलथा जाम मार्ग की हालत इन दिनों बेहद चिंताजनक हो गई है। बारिश ने इस मार्ग को पूरी तरह जोखिम भरा बना दिया है। सड़क के दोनों ओर पहाड़ियों का तेजी से कटाव हो रहा है, जिससे बड़े-बड़े पत्थर और मिट्टी सड़क पर आकर जमा हो रहे हैं। वहीं सड़क किनारे खड़े विशालकाय पेड़ भी सड़क की ओर खतरनाक तरीके से झुक चुके हैं। ऐसे हालात में हर गुजरने वाला व्यक्ति अपनी जान हथेली पर रखकर सफर करने को मजबूर है।

तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि कई स्थानों पर सड़क के किनारे गहरे गड्ढे बन गए हैं। पहाड़ी से टूटकर आए पत्थर सड़क पर फैले हुए हैं, जिससे वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाने और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग सबसे अधिक खतरनाक साबित हो रहा है। सबसे बड़ी चिंता सड़क किनारे झुके विशाल पेड़ों को लेकर है। बारिश से जमीन कमजोर हो चुकी है और पेड़ों की जड़ें भी ढीली पड़ रही हैं। यदि तेज बारिश या हवा के दौरान इनमें से कोई पेड़ सड़क पर गिरता है तो बड़ी जनहानि हो सकती है। इसके बावजूद अब तक न तो पेड़ों की कटाई-छंटाई की गई है और न ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था या चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन जनप्रतिनिधि अधिकारी सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। स्कूली बच्चे, कर्मचारी, मजदूर और ग्रामीण इसी सड़क से गुजरते हैं, लेकिन नगर निगम और संबंधित विभाग की ओर से सड़क की सुरक्षा को लेकर कोई गंभीर पहल नहीं की जा रही है। बरसात के मौसम में यह समस्या और अधिक विकराल रूप ले चुकी है।



लगातार कटाव जारी।

लोगों का आरोप है कि नगर निगम प्रशासन, जनप्रतिनिधि , केवल फोटो खिंचवाने और कागजी कार्रवाई तक सीमित है। यदि समय रहते पहाड़ी से गिर रहे मलबे को नहीं हटाया गया, सड़क किनारे बने गड्ढों की मरम्मत नहीं की गई और झुके हुए पेड़ों को सुरक्षित नहीं किया गया, तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।जब खतरा साफ दिखाई दे रहा है, तब भी जिम्मेदार विभाग क्यों खामोश है? क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागेगा, या फिर समय रहते इस जानलेवा मार्ग को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे

## सेवा सेतु में अब 528 शासकीय सेवाएं एक क्लिक पर

**बैकुण्ठपुर।** सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से अब 36 विभागों की 528 से अधिक शासकीय सेवाएं एक ही ऑनलाइन मंच पर उपलब्ध हैं। राज्यभर में 16,802 से अधिक सेवा केंद्रों के माध्यम से आम नागरिक इन सेवाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर रहे हैं।

पहले ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर केवल 86 सेवाएं उपलब्ध थीं, लेकिन अब उसे विस्तारित कर सेवा सेतु पोर्टल के रूप में विकसित किया गया है। इससे नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाएं ऑनलाइन, पारदर्शी और निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध हो रही हैं। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, भू-अभिलेख संबंधी सेवाएं, नाम संशोधन, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के आवेदन, श्रम एवं राजस्व विभाग की विभिन्न सेवाएं सहित अनेक सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि एक ही पोर्टल से आवेदन कर समय पर सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। सेवा सेतु का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों को मिल रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर विवाह प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, स्ट्रीट लाइट परिवर्तन, साफ-सफाई संबंधी आवेदन तथा नाम परिवर्तन की राजपत्र अधिसूचना जैसी कई सेवाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जो पहले केवल ऑफलाइन संचालित होती थीं।

### प्रशिक्षण से मजबूत हो रही व्यवस्था

सेवा सेतु के प्रभावी संचालन के लिए पंचायत सचिवों, सेवा केंद्र संचालकों तथा संबंधित विभागों के कर्मचारियों को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर तक डिजिटल सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को त्वरित और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही पंचायत स्तर पर शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

## महिला नसबंदी ऑपरेशन शुरु

**मनेन्द्रगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 'जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा' के दौरान स्थानीय 220 बिस्तर शासकीय अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जी के विशेष प्रयासों एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के कुशल मार्गदर्शन में वर्ष 2020-23 के लंबे अंतराल के बाद अस्पताल में सीटीटी महिला नसबंदी ऑपरेशन की सुविधा को एक बार फिर से सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दिया गया है। इस पूरी प्रक्रिया को सफल बनाने में सर्जन पूर्व संयुक्त संचालक डॉ. सुरेश तिवारी एवं डॉ. राजीव गुप्ता, एनेस्थेटिक डॉ. फिरोज शेख, ओटी प्रभारी सिस्टर पुष्पा पटेल, ओटी स्टाफ और अस्पताल टीम सिस्टर प्रियंका साहू, मुकेश शर्मा, संजय द्विवेदी एवं आकांक्षा जायसवाल एवं समर्पित चिकित्सा दल का विशेष योगदान रहा हैं।

## श्रद्धांजलि सभा...



**बैकुण्ठपुर।** नाबालिग को न्याय दिलाने के लिए शहर के कुमार चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से कंवर समाज के जिला अध्यक्ष मनियार सिंह आयुष, प्रदेश अध्यक्ष मिंटू सिंह, जिलाध्यक्ष सनी पैकरा, सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष विजय सिंह, विजय सिंह ठाकुर, आर एस चंदे, विश्वास भगत, रवि शंकर राजवाड़े, रविंद्र सिंह सहित समाज के समस्त पदाधिकारी सरपंच गण पुलिस लाइन के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## सर्पों से सुरक्षा को लेकर दी गई जानकारी



**मनेन्द्रगढ़।** इंडिया वाइल्डलाइफ रेस्क्यूवर्स ग्रुप के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद कुमार पाण्डेय ने पुलिस कर्मियों को सर्पों से सुरक्षा,सर्पों की सुरक्षा संबंधी जानकारी दी व प्रदर्शन किया। आल इंडिया वाइल्डलाइफ रेस्क्यूवर्स ग्रुप के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद कुमार पाण्डेय ने बताया कि आज पुलिस अधीक्षक, एमसीबी के कहने पर उन्होंने अपनी स्नेक सेवर टीम के साथ पुलिस ग्राउंड, आमाखेरवा में पुलिस अधिकारियों व उनके सहकर्मियों को सर्पों के बारे में विस्तृत जानकारी दी कि कौन-कौन से सर्प जहरीले होते हैं और कौन से नहीं, उनसे कैसे बचना चाहिए साथ ही जैव विविधता संतुलन के लिए सर्पों को कैसे बचाना चाहिए, उन्हें कैसे पकड़ना चाहिए आदि, ताकि पुलिसकर्मी कभी अवसर हो तो सर्पों से स्वयं का व आमजन की सुरक्षा कर सकें।

## हर विद्यार्थी को अपना बच्चा समझकर पढ़ाइए- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

हर विद्यार्थी को अपना बच्चा समझकर पढ़ाइए, तभी शिक्षा की तस्वीर बदलेगी।' इसी भावपूर्ण संदेश के साथ कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोक्तिमा यादव ने जिले के समस्त प्राचार्यों, प्रधान पाठकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में शिक्षा व्यवस्था को संवेदनशील, जवाबदेह और परिणाममुखी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संस्कार, आत्मविश्वास एवं जीवन मूल्यों के निर्माण में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कलेक्टर ने सभी शिक्षकों की




नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, समय पर विद्यालय पहुंचने तथा पूरी प्रतिबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय को शत-प्रतिशत नामांकन एवं ड्रॉपआउट मुक्त विद्यालय बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा अनुपस्थित विद्यार्थियों को पुनः विद्यालय से जोड़ने के लिए घर-घर संपर्क करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्याह्न भोजन) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण स्तर पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राचार्य एवं प्रधान पाठक स्वयं भोजन का नियमित परीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन मिले। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान किसी भी बच्चे को जर्जर अथवा असुरक्षित भवन में न बैठाया जाए। जिन विद्यालयों में मरम्मत अथवा अन्य आधारभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, वहां तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर सुरक्षित एवं बेहतर शिक्षण वातावरण विकसित किया जाए। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कलेक्टर ने तीन अभिनव पहल शुरू करने के निर्देश दिए।

## आईआईटी भिलाई में चमके कोरिया के शिक्षक



**चरचा कॉलरी।** जिले के विज्ञान एवं गणित शिक्षकों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कोरिया का गौरव बढ़ाया है। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित चार चरणों वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का चौथा एवं अंतिम चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रयोगात्मक शिक्षा और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों से रूबरू कराया गया, जिससे जिले के विद्यालयों में विज्ञान एवं गणित शिक्षा को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का संचालन आयुक्त समग्र शिक्षा किरण कौशल के नेतृत्व में किया गया।

### कुमार चौक पर प्रदर्शन, बड़ी संख्या में तैनात रही पुलिस

# किशोरी आत्महत्या मामले में न्याय की मांग को लेकर निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर की किशोरी आत्महत्या मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को बड़ी संख्या में समाज के लोगों और मृतका के परिजनों ने विशाल रैली निकाली। रैली के बाद शहर के हृदय स्थल कुमार चौक पर घंटों धरना-प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन में आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता नंद कुमार साय, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रेमाबाग मंदिर परिसर से रैली शुरू हुई, जो प्रतीक्षा बस स्टैंड, पुराने बस स्टैंड और फव्वारा चौक होते हुए कुमार चौक पहुंची। यहां रैली आमसभा में बदल गई। प्रदर्शनकारियों ने किशोरी की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों की जल्द गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। सभा के दौरान वक्ताओं ने लोगों से आरोपियों के प्रतिष्ठान से खरीदारी नहीं करने की भी अपील की। धरना-प्रदर्शन में समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखते हुए मृतका को न्याय दिलाने की मांग दोहराई। कार्यक्रम में परिजनों के साथ कॉलोनीवासियों और आदिवासी समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



कुमार चौक पर प्रदर्शन करते लोग।



आदिवासी नेता नंद कुमार साय पहुंचे एसपी दफ्तर।

# अंडर-14 क्रिकेट ट्रायल में सीबीएसई छात्रों को रोका

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा हाईस्कूल ग्राउंड में आयोजित अंडर-14 क्रिकेट चयन ट्रायल उस समय विवादों में घिर गया, जब सीबीएसई बोर्ड के 20 से अधिक खिलाड़ियों को ट्रायल में शामिल होने से रोक दिया गया।

▪ 20 से अधिक खिलाड़ी बिना ट्रायल लौटे

आरोप है कि केवल छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों को ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी गई। प्रभावित खिलाड़ियों और अभिभावकों का कहना है कि बच्चे कई महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे थे और कुछ विशेष अनुमति लेकर स्कूल से ट्रायल देने पहुंचे थे, लेकिन मैदान पर पहुंचने के बाद उन्हें वापस भेज दिया गया।



## खबर संक्षेप

### रविंद्र भारती बने गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला प्रभारी



**करवां/भैयाथान।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी की सहमति से भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा के संभाग प्रभारी और जिला प्रभारी की घोषणा की गई जिसमें रविंद्र भारती को बिलासपुर संभाग के गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। रविंद्र भारती पूर्व में जिले के लटोरी मंडल के अध्यक्ष और सूरजपुर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी के रूप में प्रदेश खेल एवं कला प्रमुख के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

### शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने नरेश यादव



**रामानुजगंज।** शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय महावीरगंज में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद पर नरेश यादव को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया है। विद्यालय में आयोजित बैठक में पालकों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में चयन किया गया। बैठक में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने, शाला में मूलभूत सुविधाओं के विकास और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। नव निर्वाचित अध्यक्ष नरेश यादव ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, खेल एवं अन्य संसाधनों को बेहतर बनाना रहेगा। उन्होंने कहा कि पालकों और शिक्षकों के सहयोग से शाला को जिले में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा।

### दीपांकर बने ओबीसी मोर्चा के बलरामपुर सह प्रभारी



**अम्बिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमती से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संभाग व जिला प्रभारी एवं सह प्रभारी की घोषणाएं की गई है। इसी घोषणा के तहत शहर के दीपांकर गुप्ता को बलरामपुर जिले का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। दीपांकर लम्बे समय से भाजपा व युवा मोर्चा में रहकर कार्य कर रहे है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

### तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी



**अम्बिकापुर।** तुलसी साहित्य समिति ने समाजसेवी स्व.आत्माराम व सावित्री देवी जायसवाल की पुण्यतिथि पर डॉ.माधुरी जायसवाल के निवास पर गीतकार रंजीत सारथी की अध्यक्षता एवं पं.रामनारायण शर्मा, गीता दुबे, चंद्रभूषण मिश्र, सच्चिदानंद पाण्डेय व आनंद सिंह यादव के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की। गोष्ठी में अजय सागर ने तुम ही मेरी पूजा, तुम ही साधना हो, गीता दुबे ने कहते हैं सच बोलो और प्रिय भी बोलो, डॉ.माधुरी जायसवाल ने तू ही तो मेरी जीवन की रोशनी थी एवं मुझ पर जितना गर्व किया है, पूनम दुबे वीणा ने सुन जरा बरसात की धुन, श्यामबिहारी पाण्डेय ने जंगलों ने आज फिर जीभर नहाया, देवेंद्रनाथ दुबे ने हरदम तेरे साथ रही, इन आंखों को समझा देना, राजेश पाण्डेय ने हुई आंख नम तुम्हारी याद में, रंजीत सारथी ने शिव तुम्ही दया करो, विनोद हर्ष ने युगो-युगों के तप का परिणाम बेटियां, हर किसी को नहीं देते राम बेटियां, संतोष सरल ने दर्द में भी लिखता हूं मैं गीत खुशी के ऐ सरल, चल पड़े हम उधर, आनंद सिंह यादव ने संघर्ष की राहो में चलते रहो तुम, प्रकाश कश्यप ने काबर ले करथा गुमान दउवा, चंद्रभूषण मिश्र ने लम्हा-लम्हा तेरा चेहरा सामने आता है तथा संस्था के अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने अनुपम होते है पिता, कर्मठ बड़े उदार रचना सुनाई। आभार डॉ.माधुरी जायसवाल ने जताया। इस दौरान राजकुमार, आकांक्षा, कियांश और प्रिंस जायसाल आदि उपस्थित थे।

## घटिया निर्माण पर ग्रामीणों में आक्रोश, जांच की मांग

# तालाब जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग निर्माण में निर्धारित मापदंडों की हो रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम मानी में सिंचाई विभाग की लगभग 1 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत तालाब जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग योजना पर सवाल उठने लगे है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि करोड़ों रुपये की महत्वाकांक्षी योजना में विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की कथित मिलीभगत से निर्माण कार्य में खुलेआम अनियमितताएं की जा रही हैं। आरोप है कि निर्धारित तकनीकी मापदंडों की अनदेखी कर घटिया निर्माण कराया जा रहा है, जबकि अधूरे कार्य को भी कागजों में पूर्ण दिखाने की तैयारी चल रही है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**खास बात**

- महीनों बाद भी काम नहीं हुआ पूरा

ग्रामीणों का कहना है कि इस योजना से वर्षों तक किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद थी लेकिन जिस तरह निर्माण चल रहा है उसका लाभ लंबे समय तक मिलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई महीने पहले शुरू हुआ कार्य आज तक पूरा नहीं हुआ और बरसात शुरू होते ही अधूरे निर्माण को पूर्ण दर्शाने की कोशिश की जा रही है, ताकि तालाब में पानी भर जाने के बाद वास्तविक स्थिति छुपाई जा सके। ग्रामीणों ने बताया कि योजना के अनुसार तालाब का गहरीकरण होना था, जिससे उसकी जलधारण क्षमता बढ़ सके, लेकिन तालाब गहरीकरण नहीं किया गया। पुराने कीचड़ तक को पूरी तरह नहीं निकाला गया, जबकि तालाब की भूमि पर वर्षों से किए गए अतिक्रमण भी जस के तस बने हुए हैं। इसके अलावा विभाग ने अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे तालाब का रकबा लगातार सिमटता जा रहा है। गांव के किसानों का कहना है कि तालाब का गहरीकरण नहीं होने से खरीफ और रबी दोनों फसलों के लिए सिंचाई संकट बना रहेगा। योजना का उद्देश्य किसानों को पानी उपलब्ध कराना था, लेकिन यदि निर्माण कार्य इसी तरह चलता रहा तो करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी किसानों को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिलेगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर मामले की निष्पक्ष जांच शुरू नहीं हुई और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर आंदोलन करेंगे।



निर्माणधीन तालाब।

### नहर लाइनिंग में आई दरार

सिंचाई योजना के तहत ग्राम मानी में तालाब का जीर्णोद्धार तथा लगभग दो किलोमीटर नहर की लाइनिंग का कार्य कराया जाना है। योजना का उद्देश्य सिंचाई क्षमता बढ़ाना और किसानों को स्थायी जल उपलब्ध कराना है। नहर लाइनिंग के कार्य गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य तय गुणवत्ता और मापदंड के अनुरूप नहीं किया जा रहा। कई स्थानों पर नहर लाइनिंग में दरार आने लगे है। लोगों का कहना है कि यदि निर्माण की यही स्थिति रही तो पहली ही बरसात में नहर क्षतिग्रस्त हो सकती है और करोड़ों रुपये की योजना बेअसर साबित होगी।

### कई बार कर चुके है शिकायत

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि पंचायत की ओर से सिंचाई विभाग और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित शिकायत भेजी गई है। शिकायत में तालाब की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, स्वतंत्र तकनीकी टीम से निर्माण कार्य की जांच कराने, कार्य की माप-जोख कराने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य पूरा होने तक भुगतान पर रोक लगाने की मांग की गई है।

### कराई जाएगी जांच

संबंधित अधिकारियों को पूरे निर्माण कार्य की जांच करने के निर्देश दिए हैं। यदि कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्य पूर्ण हुए बिना किसी भी स्थिति में भुगतान नहीं किया जाएगा। निर्माण की बारीकी से तकनीकी जांच कराई जाएगी।

-श्रीमती रेना जमील
कलेक्टर सूरजपुर



## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कन्या स्कूल में किया गया साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने भाग लेकर विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संदेश दिया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर, उद्यान, भवन के आसपास एवं खुले स्थानों में उगी घास-फूस और खरपतवार को हटाया गया। छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्राचार्य सुखेंद्र सिंह चौहान ने छात्राओं को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छ विद्यालय, स्वस्थ विद्यार्थी और स्वच्छ भारत का लक्ष्य तभी साकार होगा जब प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाए। उन्होंने सभी से विद्यालय, घर एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की बात कही। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल परिसर की सफाई तक सीमित नहीं था, बल्कि छात्राओं में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी था। इस दौरान बेलभद्र देवांगन, संजीव मंडल, जितेंद्र सोनी, सुनील वर्मा, अमित सिंह, प्रभुनारायण कुशवाहा, दुर्गा प्रसाद साहू, केदारनाथ पैकरा, संतोष पैकरा, अचला सिंह, सविता सूर्यवंशी, अंजिता एक्का, अंशुल डिक्सेना, मनीष सिंह, महेश कुजूर, प्रतीक तिवारी, उमेश कंसारी, रविन्द्र सोनपाकर, अश्वनी सूर्यवंशी, उदित गुप्ता, चंद्रमणि, इन्द्रमणि, शंभु सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करवां में कराया गया न्योता भोज



**करवां।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करवां में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्योता भोजन का आयोजन किया गया। विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती आरती दुबे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज कराया, साथ ही सभी अतिथियों एवं बच्चों के साथ मिलकर केक काटकर अपना जन्मदिन उत्साह पूर्वक मनाया। न्योता भोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि समाज और परिवार को जोड़ने वाला सशक्त माध्यम भी है। इस अवसर पर विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा स्कूल चलें हम अभियान के उद्देश्यों की जानकारी भी अभिभावकों को दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समुदाय के बीच आत्मीयता, सहयोग एवं विद्यालय के प्रति विश्वास को मजबूत करना था। इस दौरान प्रधानपाठक निर्मला कुजूर, संकुल समन्वयक मो. मोबिनउद्दीन अंसारी, शिक्षक बीआर राजवाड़े, श्रीमती पार्वती भगत, श्रीमती रुबी सिंह, दीप्ति भगत, बद्री प्रसाद एक्का, जयदेव पैकरा सहित अभिभावक व जनप्रतिनिधि एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एसईसीएल में यूनियन सदस्यता सत्यापन को लेकर हलचल हुई तेज

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल में वर्ष 2026 के यूनियन सदस्यता सत्यापन को लेकर हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार चेक-ऑफ सिस्टम के तहत प्रस्तावित सदस्यता सत्यापन के लिए एसईसीएल प्रबंधन अगले सप्ताह आधिकारिक सर्कुलर जारी कर सकता है। इसके अलावा जल्द ही प्रबंधन और विभिन्न श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच महत्वपूर्ण बैठक होने की संभावना भी जताई जा रही है।

बैठक में सदस्यता सत्यापन की प्रक्रिया, समय-सारिणी और नियमों पर चर्चा हो सकती है। एसईसीएल में सदस्यता सत्यापन को लेकर हर बार श्रमिक संगठनों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है। यही कारण है कि इस बार भी कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों में यूनियनों ने अपने-अपने सदस्यता अभियान तेज कर दिए हैं। श्रमिकों से लगातार संपर्क किया जा रहा है और संगठन विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। एसईसीएल में होने वाले सदस्यता सत्यापन में परंपरागत रूप से बीएमएस, एचएमएस, इंटक, एटक हिस्सा लेते हैं। वहीं सीटू अब तक चेक ऑफ प्रणाली से दूरी बनाए हुए है। हालांकि श्रमिक संगठनों के बीच यह चर्चा भी तेज है कि सीटू वर्ष 2027 से चेक ऑफ सिस्टम के तहत सदस्यता सत्यापन प्रक्रिया में शामिल हो सकता है, सूत्रों के अनुसार एसईसीएल में अखिल भारतीय मजदूर संघ लगातार मजबूत स्थिति बनाए हुए है। वर्ष 2024 और 2025 के सदस्यता सत्यापन में भी बीएमएस सबसे अधिक सदस्यता हासिल कर शीर्ष स्थान पर रहा था। ऐसे में इस बार भी सभी की नजरें इस बात पर रहेंगी कि बीएमएस अपनी बढ़त बरकरार रख पाता है या अन्य यूनियनें उसे कड़ी चुनौती देती हैं। इस बार सबसे अधिक चर्चा सिंगल चेक ऑफ सिस्टम को लेकर है। सूत्रों का कहना है कि वर्ष 2026 के सदस्यता सत्यापन में एकल सदस्यता सत्यापन प्रणाली लागू की जा सकती है। यदि ऐसा होता है तो प्रत्येक कर्मचारी केवल एक ही ट्रेड यूनियन के पक्ष में अपनी सदस्यता दर्ज करा सकेगा। माना जा रहा है कि इस व्यवस्था से सदस्यता का वास्तविक जनाधार सामने आएगा और यूनियनों के बीच मुकाबला पहले से अधिक रोचक हो जाएगा। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय एसईसीएल प्रबंधन द्वारा जारी किए जाने वाले आधिकारिक सर्कुलर के बाद ही स्पष्ट होगा। संभावित सदस्यता सत्यापन को देखते हुए क्षेत्र में यूनियनों ने अपने संगठनात्मक कार्यक्रम तेज कर दिए हैं।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही एक युवक ने दूसरे युवक की बेदम पिटाई कर दी। विवेक सिंह आ. रामप्रीत (25 वर्ष) ने प्रतापपुर थाने में दर्ज कराई है कि सुबह घर के समीप खड़ा था तभी राजू उर्फ बुधराम आ. स्व. राम साय सिंह (33 वर्ष) ने कदम चौक के समीप हुए पुराने विवाद की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब मना किया तो राजू ने मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।



## खबर के बाद हरकत में आया प्रशासन, माकड़ गांव के लिए अस्थायी सड़क बनाने किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ग्राम पंचायत उफिया के आश्रित ग्राम माकड़ का मुख्यालय से संपर्क टूटने की खबर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशन करने के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देश पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता जीएस सिदार ने कोदो कुमनी नाला पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से चर्चा कर अस्थायी सड़क निर्माण को लेकर निरीक्षण कर जायजा लिया।

राजपुर से जिगड़ी-माकड़ को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित कोदो कुमनी नाला में लगातार बारिश के कारण तेज बहाव है। निर्माणाधीन पुल के कारण मार्ग पहले से ही बाधित था और रपटा बह जाने से करीब 500 ग्रामीणों का मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट गया। गांव में अधिकांश आबादी आदिवासी समुदाय, विशेषकर पहाड़ी कोरवा परिवारों की है, जिन्हें आवागमन, स्वास्थ्य सेवाओं और दैनिक जरूरतों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण करने वाले ठेकेदार ने खुदाई के बाद सड़क पर मलबा और कीचड़ छोड़ दिया है, जिससे पैदल चलना और दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने सुझाव दिया कि सड़क पर पड़े मलबे को हटाकर तथा ह्यूम पाइप के ऊपर मरम्मत कर अस्थायी मार्ग तैयार किया जाए, जिससे सामान्य जलस्तर में आवागमन बहाल हो सके। गौरतलब है कि जिगड़ी-माकड़ मार्ग पर कोदो कुमनी नाला में 80 मीटर लंबे उच्चस्तरीय पुल के निर्माण के लिए 539.81 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग, अंबिकापुर के अधीन कराया जा रहा है और इसे 31 जनवरी 2027 तक पूरा किया जाना है। फिलहाल ग्रामीणों को प्रशासन से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है।

## दो दिन में तीन युवाओं ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिहारपुर।** चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में दो दिन के भीतर दो युवक एवं एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुटी है। अब तक किसी भी मामले में आत्महत्या के कारणों की जानकारी नहीं मिल सकी है। पहली घटना मोहरसोप चौकी क्षेत्र के उमझर गांव की है जहां गीता सिंह (18वर्ष) का शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। गीता का विवाह दो माह पहले ही हुआ था। दूसरी घटना में उमझर निवासी सुनील पनिका (26वर्ष) का शव लांजीत में पेड़ पर लटका मिला। पुलिस मृतक के पारिवारिक, सामाजिक और अन्य पहलुओं की पड़ताल कर रही है। तीसरी घटना ग्राम पंचायत खोहीर की है जंहा रंगबली सिंह (19वर्ष) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रंगबली 12वीं कक्षा का छात्र था।

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY
LAPAROSCOPIC SURGEON

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

सरगुजा मार्केट

BHASKAR EYE CARE
हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षो का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
COLLEGES COUNSELLING
DEEMED COLLEGE
COUNSELLING
STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
FORM FILLUP ASSISTANCE
LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA 9109920477

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### सैनिक स्कूल में हुई शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में भारतीय शास्त्रीय कला एवं संस्कृति से ओतप्रोत भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। प्राधानाचार्य कर्नल राजेश बैंदा, कैंपस की प्रथम महिला श्रीमती नीतू बैंदा स्टाफ एवं कैडेट्स की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय परंपराओं की आध्यात्मिक गहराई, सौंदर्य और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया। प्रसिद्ध नृत्यांगना उषा रानी बैश्य ने आकर्षक शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान उनके साथ कृष्णकांत दास ने खाले वादन, उपेन बरगायन ने गायन तथा डॉ.जादव बोरा ने ताल वादन के माध्यम से संगत किया। कलाकारों ने संगीत, लय, ताल और भाव-भंगिमाओं के समन्वय से दर्शकों को सत्रिया नृत्य की भक्तिमय एवं आध्यात्मिक दुनिया से परिचित कराया। मालूम हो कि उषा रानी वैश्य उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित है तथा कीर्तन कला केंद्र की संस्थापक एवं प्राधानाचार्य है। नृत्य की मुद्राओं, मधुर संगीत और जटिल तालों के माध्यम से कलाकारों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की। अंत में श्रीमती नीतू बैंदाने कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के नए जीएम ऑपरेशन बने अतुल एसबी सिंह

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल मुख्यालय द्वारा खनन संचालन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए खनन माइनिंग संवर्ग के 8 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। 19 जुलाई को जारी इस आदेश के तहत बिश्रामपुर क्षेत्र में नए महाप्रबंधक संचालन की पदस्थापना हुई है, जिससे क्षेत्र की खदानों के संचालन, उत्पादन और विकास कार्यों में नई गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। जारी आदेश के अनुसार कुसमुंडा ओपन कास्ट परियोजना में महाप्रबंधक माइनिंग के पद पर कार्यरत अतुल एसबी सिंह को तत्काल प्रभाव से बिश्रामपुर क्षेत्र का महाप्रबंधक ऑपरेशन नियुक्त किया गया है। वहीं अब तक बिश्रामपुर क्षेत्र में जीएम ऑपरेशन की जिम्मेदारी संभाल रहे गिरीश कुमार राय का तबादला कुसमुंडा क्षेत्र में जीएम ऑपरेशन एवं स्टाफ ऑफिसर प्लानिंग एंड प्रोजेक्ट्स के पद पर किया गया है। इसके अलावा अरविंद कुमार राय जीएम ऑपरेशन कुसमुंडा से एसएएम कुसमुंडा ओपन कास्ट, राकेश कुमार मैनेजर गेवरा ओसी से स्टाफ ऑफिसर पीएंडपी सोहागपुर क्षेत्र, मितेश मधुप एसओ एलएंडआर दीपका से मैनेजर दीपका ओपन कास्ट, उमेश कुमार मैनेजर दीपका ओपन कास्ट से मैनेजर गेवरा ओपन कास्ट, विनोद बी.मैनेजर झिरिया भूमिगत खदान हसदेव क्षेत्र से एसओ एलएंडआर दीपका क्षेत्र, रंजीत कुमार ध्रुवा वरिष्ठ प्रबंधक माइनिंग जोहिला क्षेत्र से मैनेजर झिरिया अंडर ग्राउंड हसदेव क्षेत्र में पदस्थ किया गया है।

### जोन स्तरीय बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा

**रामचंद्रपुर।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा शनिवार को रामचंद्रपुर में जोनस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में संकुल केंद्र रामचंद्रपुर, कालिकापुर, मचवाडामर, लोधा, गाजर, टिकीदिरी, दोलंगी एवं सिलाजु के संकुल प्राचार्य एवं समन्वयक शामिल हुए। बैठक में बीईओ ने स्कूल के बैंक खाता, यूडाइस में विद्यार्थियों से संबंधित जानकारी, उल्लास नवभारत अंतर्गत सर्वे एवं ऑनलाइन एंट्री, विद्यार्थी सर्वे, ऑनलाइन उपस्थिति, पुस्तक वितरण एवं स्केनिंग, मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति पोर्टल में एंट्री जाति प्रमाण पत्र बनाने की वर्गवार जानकारी शाला संचालन के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों को नियमित ऑनलाइन उपस्थिति पर जोर दिया। संकुल प्राचार्य एवं समन्वयकों ने बैठक में संबंधित जानकारी प्रदान की।

प्राध्यापक एवं शोधार्थी हो रहे हतोत्साहित

# एसजीजीयू ने पीएचडी के लिए निर्धारित शुल्कों में की डेढ़ गुना से दोगुना तक की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- जो सुविधा उपलब्ध नहीं उसके लिए भी वसूली जा रही राशि
- कई शोधार्थी शोध कार्य छोड़ने हुए मजबूर

अब सरगुजा के मेधावी गरीब, छात्र-छात्राओं को संत गहिरा गुरू विवि से पीएचडी करना आसान नहीं होगा। विवि ने आर्थिक संसाधन विकसित करने के नाम पर कोर्स वर्क सहित अन्य कार्यों के लिए निर्धारित शुल्क में बेतहाशा वृद्धि कर दी है साथ ही कई नए शुल्क भी निर्धारित किए हैं। विवि ने सभी विषयों का कोर्स वर्क विश्वविद्यालय में ही आयोजित करने का निर्णय लिया है जिसकों लेकर अध्ययन केन्द्रों में भी विरोध के स्वर उठने लगे हैं।

शोध कार्यों से ही किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान बनती है। एसजीजीयू पिछले कुछ वर्षों से शोधकार्य करा रहा है लेकिन संसाधनों की भारी कमी होने के कारण अभी भी शोध कार्यों में नियमितता नहीं आ सकी है। विवि द्वारा शोध कार्यों के लिए संभाग भर में अलग-अलग शोध कंद्र निर्धारित किए गए हैं जिनके माध्यम से शोध गतिविधियां संचालित की जा रही थी। शोध केंद्र के शोधार्थियों को 6 महीने का कोर्स वर्क कराने के साथ पुस्तक समीक्षा सहित अन्य गतिविधियों को पूरा कराते थे। पूर्व में कोर्स वर्क के लिए 19 हजार का शुल्क निर्धारित किया गया था। शोधकेंद्र बाहर से विशेषज्ञों को बुलाकर उनका व्याख्यान कराते थे तथा अतिथियों को मानदेय का भुगतान कर बची राशि से शोधकेंद्र में संसाधनों का विकास करते थे। एसजीजीयू ने अध्यादेश जारी कर पूर्व में निर्धारित सभी शुल्कों को बढ़ा दिया है साथ ही कई नए शुल्क भी निर्धारित किए है जिससे शोधार्थियों को अब शुल्क के रूप में बड़ी राशि खर्च करनी पड़ेगी तथा सरगुजा जैसे पिछड़े क्षेत्र के गरीब छात्र-छात्राओं के लिए आसान नहीं होगा। विवि के इस निर्णय की क्षेत्र में जमकर आलोचना हो रही है तथा इस निर्णय को शोध गतिविधियों को प्रभावित करने की पहल माना जा रहा है। विवि के अधिकारियों का कहना है कि पीएचडी की उपाधि सामान्य नहीं है तथा उपाधि की दृष्टि से निर्धारित शुल्क अधिक नहीं है। यह भी सत्य है कि एसजीजीयू के अधिकारियों के पास न तो स्वयं के बैठने की पर्याप्त जगह है न ही शोध गतिविधियों के लिए पुस्तकालय सहित अन्य आवश्यक संसाधन ग्रंथालय शुल्क 1500 रूपए एवं ग्रंथालय विकास निधि 250 रूपए निर्धारित किया गया है। विवि द्वारा शोधार्थियों के लिए कई अन्य शुल्क भी निर्धारित किए गए हैं विवि शोध केंद्रों के लिए भी अनेक तरह के शुल्क निर्धारित किए गए हैं विवि शोध केंद्रों के लिए भी अनेक तरह के शुल्क निर्धारित किया है।



निर्माणाधीन एकडमिक बिल्डिंग।

**शुल्क में डेढ़ गुना से अधिक वृद्धि**

पूर्व में विवि द्वारा कोर्स के लिए 19 हजार रूपए निर्धारित किया गया था जिसे बढ़ाकर 25 हजार रूपए कर दिया गया है। विवि ने उपलब्ध फैकल्टी के अनुसार शोध केन्द्रों का निर्धारण किया है तथा विभागवार कोर्स वर्क कराने का विधान है। विवि ने पीएचडी प्रवेश के लिए पूर्व में 500 रूपए का शुल्क निर्धारित किया था जो अब 2500 रूपए हो गया है। शोधार्थियों को अपने गाइड द्वारा विवि को दिए जाने वाले छमाही प्रगति रिपोर्ट के लिए भी 600 रूपए का भुगतान करना होगा तथा समय पर भुगतान नहीं करने पर विवि 500 रूपए का दण्डराशि भी वसूलेगा। शोधार्थियों के पुर्नपंजीयन के लिए 10 हजार रूपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। शोधग्रंथ के मूल्यांकन के लिए विवि विशेषज्ञों को नियुक्त करता है पूर्व में इसका शुल्क 5050 रूपए निर्धारित था जिसे विवि ने अब 8500 रूपए कर दिया है। एसजीजीयू के पास अभी तक पुस्तकालय भवन भी उपलब्ध नहीं है ऐसे में शोधार्थियों द्वारा विवि के निर्णय पर सवालिया निशान लगाना भी गलत नहीं है। विवि द्वारा आवश्यक संसाधनों के अभाव में शोधकार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**परेशान हैं शोधार्थी**

विवि द्वारा शोधार्थियों से वसूली जा रही भारी-भरकम राशि से सरगुजा के कई विद्यार्थी परेशान हैं तथा आर्थिक तंगी के कारण शोध कार्य छोड़ने की तैयारी में है। शोधार्थियों का कहना है कि विवि की स्थापना शोध कार्यों को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। विवि शोधार्थियों पर एक रूपए भी खर्च नहीं करता। विवि मात्र शोध ग्रंथ का मूल्यांकन कराता है तथा इसके लिए भी भारी भरकम राशि वसूल रहा है। विवि द्वारा निर्धारित शुल्क से कई चयनित शोधार्थियों ने शोध कार्य से किनारा कर लिया है वहीं कई शोधार्थी मजबूरी में शोधकार्य छोड़ने की बात कह रहे हैं केन्द्रीय विवि शोध को बढ़ावा देने शोधार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर रहे है वही शासन द्वारा फेलोशिप देकर आर्थिक मदद दी जा रही है जबकि एसजीजीयू शोधार्थियों से बड़ी राशि वसूल रहा है। ऐसे में भविष्य में सरगुजा संभाग के विद्यार्थियों का एसजीजीयू के माध्यम से शोध करने का सपना सफल होता नहीं दिख रहा है। पीएचडी के शुल्क वृद्धि का मामला भविष्य में विवि के विरूद्ध बड़ा मुद्दा भी बन सकता है। विवि के निर्णय से शोध केंद्रों के प्राध्यापक भी व्यथित है। विवि समय से सत्र का भी संचालन नहीं कर पा रहा है। हालाकि विवि के अधिकारी आर्थिक स्त्रोतों को विकसित करने के उद्देश्य से शुल्क वृद्धि करने की बात कह रहे हैं।

**की जाएगी समीक्षा**

पीएचडी के लिए निर्धारित शुल्कों की समीक्षा की जाएगी तथा इसके सभी अनुकूल निर्धारित करने के प्रयास किए जाएंगे।

-प्रो.राजेन्द्र लाकपाले
कुलपति, एसजीजीयू

## एनएच पर नहीं थम रही सड़क दुर्घटना कार की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम



एनएच 43 पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुबह मंगारी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 जुनापारा में रविवार की सुबह तेज रफ्तार कार के चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे जा रहे युवक को पीछे से टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक उछलकर 15 मीटर दूर जा गिरा जिससे गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

मंगारी कोलतापारा निवासी अर्जुन बखला आ.पैगा (45 वर्ष) तड़के लगभग 5.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नाला से शौच के बाद सड़क किनारे पैदल चल कर घर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे कार क्रमांक सीजी 15 ईसी 5927 के चालक ने वाहन तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए युवक को पीछे से टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक उछलकर लगभग 15 मीटर दूर जा गिरा जिससे गंभीर चोट लगने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक कार लेकर भाग रहा था जिसे ग्रामीणों ने पकड़ा। इधर घटना की सूचना पर सीतापुर 112 की टीम मौके पर पहुंची और घटना कारित वाहन को बिना परिजन को सूचना दिए मृतक अर्जुन का शव लेकर सीतापुर चल दिए। परिजन सहित ग्रामीण पुलिस की इस कार्य प्रणाली को लेकर आक्रोशित है। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना कारित कार चालक सीतापुर के देवगढ़ निवासी टीके सिंह आ. बिरछा सिंह (48 वर्ष) बताया जा रहा है। कार भी टीके सिंह का ही है जिसमें मांगुर मछली लेकर स्वयं ही अंबिकापुर की ओर तेज रफ्तार से जा रहा था और सड़क के नीचे पैदल चल रहे युवक को जबरदस्त टक्कर मार भाग रहा था जिसे ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### पुलिस ने पटना बाजार के समीप से 10 जुआरियों को पकड़ा

**अम्बिकापुर।** रामानुजनगर पुलिस ने पटना बाजार सार्वजनिक स्थान में हार जीत का दांव लगा रहे अलग-अलग फड़ से 10 जुआरियों को पकड़ा। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे रामानुजनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम पटना बाजार सार्वजनिक स्थान पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर दो जगह हार जीत का दाव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने पहले फड़ में जुआ खेल रहे प्रवीण कुमार सिंह (28 वर्ष), पिन्टु (22 वर्ष), आश्रित एक्का (25 वर्ष), राम भरोस सिंह (38 वर्ष) व विवेक पटेल (30 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित 4 हजार रूपए जब्त किया। इसी प्रकार पुलिस ने दूसरे फड़ में जुआ खेल रहे मानसाय प्रजापति (20 वर्ष), विकास एक्का (21 वर्ष), विशाल एक्का (19 वर्ष), अजय एक्का (22 वर्ष) व सुखनंदन प्रजापति (38 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित 3 हजार 500 रुपये जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सरपंच की दबंगई, क्रय किए गए भूमि पर जबरन किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर



सरपंच की दंबगई और जबरन जमीन कब्जा किए जाने से गांव के लोग भयभीत हैं। ग्राम सरपंच द्वारा बड़े पैमाने पर गांव की भूमि पर जबरन कब्जा कर खेती किया जा रहा है। घटना लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम माजा का है जहां के ग्राम सरपंच खेमराज सिंह अपने भाईयो और साथियों के साथ मिलकर कई लोगों की जमीन पर जबरन कब्जा कर खेती किए जाने का आरोप लग रहे हैं।

ग्रामीण रामचंद्र सिंह आ. रामजीत (60 वर्ष) पुत्र अवधेश सिंह ग्राम अंधला निवासी ने बताया कि उनके द्वारा 1989-90 में ग्राम माजा में 5 एकड़ से अधिक भूमि क्रय किया गया। सरपंच खेमराज अपने भाइयों और साथियों के साथ मिलकर अपने पद का गलत उपयोग करते हुए क्रय किए भूमि पर जबरन कब्जा कर खेती किया जा रहा है। पीड़ित द्वारा जब विरोध करते है तो सरपंच द्वारा मारपीट करने की धमकी दी जाती है। परेशान होकर पीड़ित घटना की शिकायत लखनपुर थाने में की। थाने से उन्हें फैना काटकर तहसील न्यायालय भेज दिया गया। वहीं पीड़ित ग्रामीण अब अपनी खुद की क्रय किए हुए जमीन को पाने न्याय की गुहार शासन प्रशासन से लगा रहे हैं।

इस संबंध में सरपंच खेमराज सिंह ने बताया कि पूर्व में हमारे पिताजी बिग़न राम द्वारा सभी के नाम पर जमीन खरीदा गया। वर्तमान उक्त जमीन रामचंद्र सिंह के नाम पर दर्ज है। हम लोगों द्वारा कुछ भूमि में खेती किया गया है बाकी चार एकड़ जमीन छोड़ दिया गया है। उन्हें मेरे द्वारा कोई धमकी नहीं दिया गया है।

## छात्रों की गूंज कार्यक्रम के तहत युवाओं तक पहुंची युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बदहाल शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ बुलंद की आवाज



छात्रों की गूंज अभियान को आदित्येश्वर शरण सिंह देव के मार्गदर्शन में जिले चलाया जा रहा है। युवा कांग्रेस द्वारा जिले के विभिन्न छात्रावासों, कोचिंग संस्थानों एवं एकेडमियों में विद्यार्थियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा देश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। छात्रों से उनकी विचार जाना कि आखिर कैसी शिक्षा चाहते हैं जिसके लिए उनका रजिस्ट्रेशन भी कराया गया।

युवा कांग्रेस आरटीआई सेल के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल एवं विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में विद्यार्थियों से मिलकर लगातार हो रहे पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं, रोजगार की कमी और शिक्षा व्यवस्था की गिरती गुणवत्ता को लेकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की। हिमांशु जायसवाल ने कहा कि आज देश का छात्र अपने भविष्य को लेकर सबसे अधिक चिंतित है पर शिक्षा मंत्री व्यस्त है नीट के पेपर लीक से जिन छात्रों का जीवन बर्बाद हुआ है उसको सरकार की तरफ से कंपनसेशन मिलनी चाहिए साथ ही एनटीए को हटा कर ओर पारदर्शी तरीके से परीक्षा करवानी चाहिए जबकि एक साल में नीट के परीक्षार्थी जितनी फीस कोचिंग ओर परीक्षा देने में खर्च करते है उतना ही देश का शिक्षा बजट है। एक ओर छात्र दिन-रात मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लगातार पेपर लीक की घटनाएं उनकी मेहनत और सपनों पर पानी फेर रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इन गंभीर मुद्दों पर सरकार पूरी तरह मौन बनी हुई है। विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था आज आईसीयू में पहुंच चुकी है। शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है, युवाओं का भविष्य असुरक्षित होता जा रहा है और सरकार केवल बड़े-बड़े दावे करने में व्यस्त है। यदि समय रहते शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गंभीर संकट में पड़ जाएगा। छात्रों की गूंज अभियान के माध्यम से छात्रों की आवाज को गांव-गांव, शहर-शहर और सरकार तक पहुंचया जाएगा। छात्र हितों की रक्षा, पेपर लीक पर कठोर कानून, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की मांग को लेकर युवा कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में गौतम गुप्ता, आयुष गुप्ता, प्रमोद जायसवाल, सत्यम यादव,वैभव पांडेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए

## कार्यशाला में निवेश एवं शेयर बाजार की दी गई जानकारी

**अम्बिकापुर।** पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग, कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयुक्त तत्वाधान में वित्तीय साक्षरता एवं प्रतिभूति विश्लेषण विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ.प्रदीप पाण्डेय ने विद्यार्थियों को निवेश एवं वित्तीय बाजार से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा कहा कि निवेश करने से पूर्व व्यक्ति को अपनी वित्तीय आवश्यकताओं, निवेश अवधि, जोखिम उठाने की क्षमता तथा निवेश के उद्देश्य का समुचित मूल्यांकन करना चाहिए। केवल किसी के सुझाव या अफवाह के आधार पर शेयर बाजार में निवेश करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि दीर्घकालीन एवं योजनाबद्ध निवेश व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दौरान प्रतिभूति विश्लेषण के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। विद्यार्थियों को कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन, बाजार की स्थिति, लाभप्रदता, विकास की संभावनाओं तथा अन्य संकेतकों के आधार पर निवेश संबंधी निर्णय लेने की प्रक्रिया से परिचित कराया गया। विद्यार्थियों को वित्तीय धोखाधड़ी से बचने, फर्जी निवेश योजनाओं से सावधान रहने तथा केवल अधिकृत एवं विनियमित माध्यमों से ही निवेश करने की सलाह दी गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने विशेषज्ञ से विभिन्न प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए डॉ.पाण्डेय ने निवेश संबंधी निर्णयों में ज्ञान, धैर्य एवं अनुशासन को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को वित्तीय रूप से जागरूक बनाना समय की आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ.अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्तमान आर्थिक परिवेश में विद्यार्थियों के लिए केवल पारंपरिक शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वित्तीय एवं निवेश संबंधी व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त करना चाहिए। संयोजक डॉ.एसएन पाण्डेय ने कहा कि कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रोजगार, करियर एवं व्यावहारिक जीवन से संबंधित आवश्यक कौशल प्रदान करना है।






## जीवन ज्योति हॉस्पिटल में 10वीं बटालियन के स्टाफ और परिजन के लिए लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जीवन ज्योति सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रविवार को 10वीं बटालियन, सिलफिली के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के लिए एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती कविता ठाकुर, सहायक कमांडेंट, 10वीं बटालियन एवं बीपी सिंह, सहायक कमांडेंट, 10वीं बटालियन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि डायरेक्टर श्रीमती संध्या सिंह एवं डॉ. स्नेहा सिंह द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती कविता ठाकुर ने कहा कि बटालियन के जवानों एवं कर्मचारियों का शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं फिट रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जीवन ज्योति हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम भविष्य में भी इसी प्रकार स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बटालियन के कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराती रहेगी। बीपी सिंह ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक एवं जनहितकारी कार्य की सराहना की। अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. संतोष ने अस्पताल की 15 वर्षों की सफल यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जीवन ज्योति हॉस्पिटल अपनी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं एवं समर्पित कर्मचारियों के सहयोग से लगातार क्षेत्रवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया गया। इसमें डॉ. जेके सिंह द्वारा 30 मरीजों का परीक्षण, डॉ. एमके तिवारी द्वारा 35 मरीजों का परीक्षण, डॉ. स्नेहा सिंह द्वारा 35 मरीजों का परीक्षण, डॉ. धनुष कुमार द्वारा 25 मरीजों का परीक्षण, डॉ. विनय कर्णिक द्वारा 30 मरीजों का परीक्षण,. डॉ. अभिजीत द्वारा 30 मरीजों का परीक्षण, डॉ. उत्तम कुमार सिंह द्वारा 25 मरीजों का परीक्षण, डॉ. श्रेया सिंह द्वारा 15 मरीजों का परीक्षण एवं आवश्यक परामर्श दिया गया।




